51. "बिना दुख के सब निस्सार,
बिना आँसू के जीवन भार,
दीन दुर्बल है रे, संसार
इसी से दया, क्षमा औ' प्यार!"

– यह कवितांश किस कवि द्वारा रचित है?

(1) सुमित्रा नन्दन पन्त
(2) मैथिलीशरण गुप्त
(3) रामधारी सिंह 'दिनकर'
(4) नागार्जुन

52. सूची-I के साथ सूची-II का मिलान कीजिए :

| | सूची-I (विशेषण) | | सूची-II (विशेषण के प्रकार) |
|---|---|---|---|
| A. | अच्छा | I. | सार्वनामिक विशेषण |
| B. | सवा | II. | परिमाणवाचक विशेषण |
| C. | कुछ | III. | गुणवाचक विशेषण |
| D. | वह | IV. | संख्यावाचक विशेषण |

नीचे दिए गए विकल्पों में से **सही** उत्तर का चयन कीजिए :

(1) A-III, B-II, C-IV, D-I
(2) A-IV, B-III, C-I, D-II
(3) A-III, B-IV, C-II, D-I
(4) A-I, B-III, C-II, D-IV

53. 'शेखर एक जीवनी' के अनुसार शेखर द्वारा बनायी गयी समिति 'एंटिगोनम क्लब' के प्रमुख

A. कुमार
B. सदाशिव
C. ईश्वरदत्त
D. राघवन्
E. देवदास

नीचे दिए गए विकल्पों में से **सही** उत्तर का चयन कीजिए :

(1) केवल A, B और E
(2) केवल B, C और D
(3) केवल A, C और D
(4) केवल B, D और E

54. 'सतपुड़ा के जंगल' कविता में किस वाद्ययंत्र का उल्लेख हुआ है?

(1) मादल
(2) इकतारा
(3) बाँसुरी
(4

55. 'धर्मशास्त्र रामगुप्त से ध्रुवस्वामिनी के मोक्ष की आज्ञा देता है।'

– इस संवाद में '<u>मोक्ष</u>' शब्द का उचित अर्थ है :

(1) निर्वाण
(2) विवाह
(3) विवाह-विच्छेद अर्थात तलाक
(4) देश निकाला



CamScanner
Scanned with CamScanner

56. "भीतर कदम तो रख दिया, पर सहसा सहम गई, जैसे वह किसी अंधेरे कुएँ में अपने-आप कूद पड़ी हो, ऐसा कुआँ जो पतला होता गया है .... और जिसमें पानी की गहराई पाताल की पर्तों तक चली गई हो, जिसमें पड़कर वह नीचे धँसती रही हो ....।"

- यह कथन किस कहानी से लिया गया है :

(1) कोसी का घटवार (2) राजा निरबंसिया (3) अपना-अपना भाग्य (4) परिंदे

57. निम्नलिखित पंक्तियों में से कौन-सी पंक्तियाँ आचार्य रामचंद्र शुक्ल के निबंध 'कविता क्या है' से उद्धृत हैं :

A. "मैं अशेष मंगलकामनाओं की पीठ से झांकती हुई दुर्निवार शंकाकुल आँखों से झाँकता हूँ।"

B. "जिनके रूप या कर्म-कलाप जगत और जीवन के बीच में उसे सुंदर लगते हैं, उन्हीं के वर्णन में वह 'स्वान्त' प्रवृत्त होता है।"

C. "वर्ण्य वस्तु और वर्णन प्रणाली बहुत दिनों से एक-दूसरे से अलग कर दी गई हैं।"

D. "उत्कर्ष की ओर उन्मुख समष्टि का चैतन्य अपने ही घर से बाहर कर दिया गया।"

E. "सुंदर अर्थ की शोभा बढ़ाने में जो अलंकार प्रयुक्त नहीं वे काव्यालंकार नहीं।"

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए :

(1) केवल A, B, C (2) केवल B, C, E (3) केवल C, D ,E (4) केवल B, D, E

58. प्रथम प्रकाशन वर्ष के अनुसार, निम्नलिखित पत्रिकाओं को, पहले से बाद के क्रम में लगाइए।

A. हिन्दी प्रदीप

B. बिहार बंधु

C. भारत बंधु

D. हिंदोस्थान

E. देशहितैषी

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए :

(1) A, B, D, C, E (2) C, A, B, D, E (3) A, C, B, E, D (4) B, C, A, E, D

59. तुलसीदास रचित 'रामचरित मानस' में 'रामराज्य' संबंधी वर्णन की पंक्तियाँ हैं :

A. नहिं भय सोक न रोग

B. बड़े भाग मानुष तन पावा

C. सब गुनग्य पंडित सब ग्यानी

D. देत ईस बिनु हेतु सनेही

E. सब उदार सब पर उपकारी

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए :

(1) केवल A, B और C (2) केवल B, C और D

(3) केवल B, D और E (4) केवल A, C और E



CS CamScanner
Scanned with CamScanner

64. 'अंधायुग' के अंकों को, पहले से बाद के क्रम में लगाइए।

A. अश्वत्थामा का अर्द्धसत्य
B. प्रभु की मृत्यु
C. गांधारी का शाप
D. पंख, पहिये और पट्टियाँ
E. पशु का उदय

नीचे दिए गए विकल्पों में से **सही** उत्तर का चयन कीजिए :

(1) D, A, C, E, B (2) B, D, A, E, C (3) C, A, B, E, D (4) E, A, D, C, B

65. आचार्य रामचंद्र शुक्ल की पुस्तक 'त्रिवेणी' में निम्न कवियों पर निबंध संकलित हैं :

(1) कबीर, जायसी, सूर
(2) तुलसी, कबीर, जायसी
(3) सूर, तुलसी, जायसी
(4) केशवदास, कबीर, सूर

66. अपभ्रंश के कवि 'पुष्पदंत' ईसा की किस शताब्दी में हुए ?

(1) दसवीं (2) बारहवीं (3) ग्यारहवीं (4) तेरहवीं

67. **सूची-I** के साथ **सूची-II** का मिलान कीजिए :

| | सूची-I (कथन) | | सूची-II (कहानी) |
|---|---|---|---|
| A. | "मारो मत; धीरे-धीरे चलने दो। जल्दी क्या है? | I. | परिंदे |
| B. | "चलो, ठीक है। कोई चूड़ियाँ-चूड़ियाँ हो, तो वह भी पहन लो।" | II. | आकाशदीप |
| C. | "मैं अनुचर हूँ, वरूण देव की शपथ। मैं विश्वासघात न करूँगा।" | III. | तीसरी कसम |
| D. | "वह आँखें मूँद सोच रही थी। सोच कहाँ रही थी, जी रही थी।" | IV. | चीफ़ की दावत |

नीचे दिए गए विकल्पों में से **सही** उत्तर का चयन कीजिए :

(1) A-I, B-III, C-IV, D-II
(2) A-II, B-I, C-IV, D-III
(3) A-III, B-IV, C-II, D-I
(4) A-IV, B-II, C-I, D-III

68. डॉ. तुलसीराम को छोटी उम्र में अंतर्राष्ट्रीय राजनीति की तरफ अनजाने में ही खींचनेवाले तीन लोग कौन थे ?

(1) मुन्नर, सोनई, जेदी
(2) चिखुरी, परशुराम, पौहारी बाबा
(3) फक्कड़ बाबा, नग्गर, मुरली सिंह
(4) जलंधर, बंकिया डोम, बदलू

69. **सूची-I** के साथ **सूची-II** का मिलान कीजिए :

| | सूची-I (उपन्यासकार) | | सूची-II (उपन्यास) |
|---|---|---|---|
| A. | इलाचंद्र जोशी | I. | मनुष्य के रूप |
| B. | यशपाल | II. | निर्वासित |
| C. | भगवती चरण वर्मा | III. | सांप और सीढ़ी |
| D. | गुलशेर खां शानी | IV. | आखिरी दाव |

नीचे दिए गए विकल्पों में से **सही** उत्तर का चयन कीजिए :

(1) A-II, B-I, C-IV, D-III
(2) A-III, B-II, C-IV, D-I
(3) A-I, B-II, C-III, D-IV
(4) A-IV, B-II, C-I, D-III



CS CamScanner
Scanned with CamScanner

70. अर्ध-मागधी प्राकृत के संबंध में सत्य कथन हैं :

A. जैन आचार्यों ने शास्त्रों की रचना में इस भाषा को अपनाया।

B. इसका तत्कालीन रूप मथुरा के आसपास व्यवहृत होता था।

C. 'स', 'ष' के स्थान पर 'श' का प्रयोग अर्धमागधी की प्रमुख विशेषता है।

D. अर्ध-मागधी प्राकृत की स्थिति मागधी और शौरसेनी प्राकृतों के बीच मानी गई है।

E. अर्ध-मागधी प्राकृत के अर्धमागधी अपभ्रंश से अवधी बोली का संबंध माना जाता है।

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए :

(1) केवल A, C और E
(2) केवल A, C और D
(3) केवल A, B और E
(4) केवल A, D और E

71. एक साहित्यिक की डायरी के अध्याय 'कलाकार की व्यक्तिगत ईमानदारी: एक' के एक पात्र यशराज की शैक्षणिक
क्या थी ?

(1) बी.टेक., एम.एस-सी., एल-एल.बी.
(2) बी.एस.सी., एम.एस-सी., एल-एल.बी.
(3) बी.एस.सी, बी.टेक., एल-एल.बी.
(4) बी.ए., एम.ए., एल-एल.बी.

72. ''चकित चकत्ता चौंकि चौंकि उठै बार बार,
दिल्ली दहसति चितै चाहि करषति है।
बिलखि बदन बिलखात बिजैपुर पति,
फिरत फिरंगिन की नारी फरकति है।।''

– ये पंक्तियाँ किस कवि की हैं ?

(1) मतिराम
(2) भूषण
(3) कुलपति मिश्र
(4) नेवाज

73. 'सरोज-स्मृति' कविता की इन पंक्तियों को, कविता में आने के अनुसार, पहले से बाद के क्रम में लगाइए।

A. मैं कवि हूँ, पाया है प्रकाश
B. और भी फलित होगी वह छवि
C. दुख ही जीवन की कथा रही
D. धन्ये, मैं पिता निरर्थक था
E. तेरा वह जीवन-सिन्धु-तरण;

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए :

(1) C, D, E, A, B
(2) B, A, D, E, C
(3) E, A, D, B, C
(4) D, B, A, E, C

74. 'तमस' उपन्यास के अनुसार फेरीवाले इत्रफरोश पर हमला कर उसे घायल करने वाले पात्र का नाम है :

(1) रणवीर
(2) शम्भू
(3) तेजासिंह
(4) इन्द्र

75. 'मेरी तिब्बत यात्रा' के खंडों को पहले से बाद के क्रम में लगाइए।

A. स-क्य की ओर
B. जेनम् की ओर
C. चाङ् की ओर
D. नेपाल की ओर
E. ल्हासा से उत्तर की ओर

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए :

(1) B, A, C, D, E
(2) E, A, C, D, B
(3) B, E, A, C, D
(4) E, C, A, B, D



CamScanner
Scanned with CamScanner

60. सूची-I के साथ सूची-II का मिलान कीजिए :

| सूची-I (निबंध) | | सूची-II (निबंधकार) | |
|---|---|---|---|
| A. | गंवई गीत की गंध | I. | शरद जोशी |
| B. | यथासंभव | II. | रघुवीर सहाय |
| C. | शिखरों के सेतु | III. | विवेकी राय |
| D. | वे और होंगे जो मारे जाएँगे | IV. | शिवप्रसाद सिंह |

नीचे दिए गए विकल्पों में से **सही** उत्तर का चयन कीजिए :

(1) A-I, B-III, C-IV, D-II
(2) A-II, B-IV, C-I, D-III
(3) A-IV, B-II, C-I, D-III
(4) A-III, B-I, C-IV, D-II

61. 'क्या भूलूं क्या याद करूं' में आए चरित्र हैं :

A. योगेंद्रनाथ B. प्रतापनारायण C. उमाप्रसाद D. सुरसती E. रा

नीचे दिए गए विकल्पों में से **सही** उत्तर का चयन कीजिए :

(1) केवल A, B, D (2) केवल B, D, E (3) केवल B, C, E (4) केवल C, D, E

62. 'मानस का हंस' के अनुसार उपन्यास के अंतिम अंश में तुलसीदास 'विनय पत्रिका' के किस छन्द को अन्तिम छन्द कह उसे गाने लगते हैं ?

(1) कबहुँक हौं यहि रहनि रहौंगो।
(2) मारुति-मन, रुचि भरत की लखि लषन कही है।
(3) जाके प्रिय न राम बैदही
(4) जानि पहिचानि मैं बिसारे हौं कृपानिधान

सूची-I के साथ **सूची-II** का मिलान कीजिए :

| सूची-I (पात्र) | | सूची-II (उपन्यास) | |
|---|---|---|---|
| A. | ब्रजकिशोर | I. | आपका बंटी |
| B. | अजय | II. | परीक्षागुरु |
| C. | पुरणदेई | III. | धरती धन न अपना |
| D. | निहाली | IV. | झूठा सच |

नीचे दिए गए विकल्पों में से **सही** उत्तर का चयन कीजिए :

A-II, B-III, C-IV, D-I
(2) A-IV, B-I, C-II, D-III
A-III, B-I, C-IV, D-II
(4) A-II, B-I, C-IV, D-III



CamScanner
Scanned with CamScanner

76. ''परबत समुद, अगम बिच, बीहड़ घन बनढाँख।
किमि कै भेंटौं कंत तुम्ह ?, ना मोहि पाँव न पाँख।।''
यह काव्यांश जायसी कृत 'पद्मावत' के 'नागमती वियोग खंड' में किस मास के वर्णन के अंत में आया है ?

(1) सावन (2) अगहन (3) भादों (4) असाढ़

77. जयशंकर प्रसाद के नाटक 'चन्द्रगुप्त' में चाणक्य के संवाद हैं :

A. शत्रु की उचित प्रशंसा करना मनुष्य का धर्म है।
B. भाषा ठीक करने से पहले मैं मनुष्यों को ठीक करना चाहता हूँ।
C. अन्य देश मनुष्यों की जन्मभूमि है, यह भारत मानवता की जन्म भूमि है।
D. महत्वाकांक्षा का मोती निष्ठुरता की सीपी में रहता है।
E. ईश्वर ने सब मनुष्यों को स्वतंत्र उत्पन्न किया है।

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए :

(1) केवल A, B और C (2) केवल B, C और E
(3) केवल B, D और E (4) केवल C, D और E

78. निम्नलिखित कविता-संग्रहों को, उनके प्रथम प्रकाशन-वर्ष के अनुसार, पहले से बाद के क्रम में लगाइये।

A. सुदामा पांडे का प्रजातंत्र
B. पत्थर फेंकता हूँ
C. चाँद की वर्तनी
D. चाँद का मुँह टेढ़ा है
E. नए इलाके में

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए :

(1) E, A, C, D, B (2) C, E, A, D, B (3) D, A, E, C, B (4) D, E, C, B, A

79. विज्ञान और कविता के संबंध पर किस पाश्चात्य विचारक ने प्रमुखता से चर्चा की है ?

(1) आई.ए. रिचर्ड्स (2) टी.एस. इलिएट (3) डॉ. जॉनसन (4) कॉलरिज

80. हिन्दू नवोत्थान, 'मुस्लिम नवोत्थान' शीर्षक प्रकरण 'संस्कृति के चार अध्याय' के किस अध्याय में संकलित हैं ?

(1) प्रथम अध्याय (2) द्वितीय अध्याय (3) तृतीय अध्याय (4) चतुर्थ अध्याय

81. मिश्र बंधुओं द्वारा रचित 'मिश्र बंधु विनोद' कुल कितने भागों में विभक्त है ?

(1) आठ (2) तीन (3) चार (4) एक

82. 'एक साहित्यिक की डायरी' के अध्यायों के शीर्षकों को, पहले से बाद के क्रम में लगाइए।

A. चीरकर
B. डबरे पर सूरज का बिम्ब
C. विशिष्ट और अद्वितीय
D. तीसरा क्षण
E. नये की जन्म-कुण्डली

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए :

(1) B, D, A, E, C (2) D, B, E, A, C (3) C, E, A, B, D (4) E, A, C, B,



CamScanner
Scanned with CamScanner

87. **सूची-I** के साथ **सूची-II** का मिलान कीजिए :

| **सूची-I** (लेखक) | | **सूची-II** (यात्रावृत्तांत) | |
|---|---|---|---|
| A. | गोविंद मिश्र | I. | अपनों के पास अपनों से दूर |
| B. | रामशरण जोशी | II. | यात्रा चक्र |
| C. | धर्मवीर भारती | III. | बहुवचन |
| D. | रमेशचंद्र शाह | IV. | दरख्तों के पार |

नीचे दिए गए विकल्पों में से **सही** उत्तर का चयन कीजिए :

(1) A-III, B-I, C-II, D-IV
(2) A-I, B-II, C-III, D-IV
(3) A-IV, B-I, C-II, D-III
(4) A-III, B-II, C-IV, D-I

88. 'बाणभट्ट की आत्मकथा' के पात्र हैं :

A. लोरिकदेव
B. मातृगुप्त
C. नागदत्त
D. कुमार कृष्णवर्द्धन
E. विरतिवज्र

नीचे दिए गए विकल्पों में से **सबसे उपयुक्त** उत्तर का चयन कीजिए :

(1) केवल A, B और C
(2) केवल A, D और E
(3) केवल B, D और E
(4) केवल C, D और E

89. 'आगरा बाजार' का समापन किस नज्म से होता है ?

(1) रोटीनामा
(2) बंजारानामा
(3) आदमीनामा
(4) शहर आशोब

90. महादेवी वर्मा के निम्नलिखित में से किस निबंध - संकलन का केन्द्रीय विषय स्त्री-मुक्ति है ?

(1) भारतीय संस्कृति के स्वर
(2) शृंखला की कड़ियाँ
(3) क्षणदा
(4) साहित्यकार की आस्था तथा अन्य निबंध

91. **सूची-I** के साथ **सूची-II** का मिलान कीजिए :

| **सूची-I** ('भ्रमरगीत सार' के पद की प्रथम पंक्ति) | | **सूची-II** (पद के ऊपर उल्लेखित राग का नाम) | |
|---|---|---|---|
| A. | आयो घोष बड़ो ब्यापारी | I. | राग नट |
| B. | आए जोग सिखावन पाँड़े | II. | राग काफी |
| C. | हमारे हरि हारिल की लकरी | III. | राग धनाश्री |
| D. | हम तो कान्ह केलि की भूखी | IV. | राग सारंग |

नीचे दिए गए विकल्पों में से **सही** उत्तर का चयन कीजिए :

(1) A-IV, B-III, C-I, D-II
(2) A-III, B-IV, C-II, D-I
(3) A-II, B-I, C-IV, D-III
(4) A-III, B-I, C-IV, D-II



CamScanner
Scanned with CamScanner

83. "जिस जाति की सामाजिक अवस्था जैसी होती है उसका साहित्य भी ठीक वैसा ही होता है। जातियों की क्षमता और स यदि कहीं प्रत्यक्ष देखने को मिल सकती है तो उनके साहित्य रूपी आईने ही में मिल सकती है।" - यह कथन किस का है ?

(1) महावीर प्रसाद द्विवेदी
(2) रामचंद्र शुक्ल
(3) श्याम सुंदर दास
(4) प्रेमचंद

84. निम्नलिखित में से कौन-से पात्र 'कोसी का घटवार' कहानी के हैं :

A. रजुआ
B. लछमा
C. बहादुर
D. धरमसिंह
E. गुँसाई

नीचे दिए गए विकल्पों में से **सबसे उपयुक्त** उत्तर का चयन कीजिए :

(1) केवल A, C, D (2) केवल B, C, D (3) केवल B, D, E (4) केवल C, D, E

85. 'जिन्दगीनामा' उपन्यास में आए इन गीतों / मुखड़ों को, उपन्यास में आने के अनुसार, पहले से बाद के क्रम में लगाइए

A. आले दवाले मेरी गुड्डियाँ
मैनूं नहीं खेलन दा चाव रे

B. मैं सूरज अगन जलाऊँगी
मैं प्यारा यार मनाऊँगी

C. अव्वल हमद खुदा दा विरद कीजे
इश्क कीता सु जग दा मूल मियाँ

D. मियाँ मजनुआँ ओ
चिट्टे तेरे दन्द दिक्खी हस्सियाँ ओ

E. चढ़ गए चेत पड़ी फुहार
यारो बहुत बड़ी सरकार

नीचे दिए गए विकल्पों में से **सही** उत्तर का चयन कीजिए :

(1) C, E, B, D, A (2) B, D, C, E, A (3) D, A, C, E, B (4) E, A, B, D, C

86. 'भारत दुर्दशा' नाटक के विभिन्न गीतों के ऊपर शैली/राग का नाम दिया गया है। निम्न में से किन-किन का प्रयोग में है ?

A. राग जयजयवंती
B. राग रामकली
C. लावनी
D. राग चैती गौरी
E. राग काफी

नीचे दिए गए विकल्पों में से **सही** उत्तर का चयन कीजिए :

(1) केवल A, B और E
(2) केवल B, C और E
(3) केवल C, D और E
(4) केवल A, B और D



CamScanner
Scanned with CamScanner

92. सूची-I के साथ सूची-II का मिलान कीजिए :

| सूची-I ( अमीर खुसरो रचित पहेली ) | | सूची-II ( पहेली का उत्तर ) | |
|---|---|---|---|
| A. | आवा जाना उसका भाए।<br>जिस घर जाए लकड़ी खाए।। | I. | दर्पण |
| B. | अरथ तो इसका बूझेगा।<br>मुँह देखो तो सूझेगा।। | II. | चना |
| C. | एक राजा की अनोखी रानी।<br>नीचे से वह पीवे पानी।। | III. | दीये की बत्ती |
| D. | मिला रहे तो नर रहे, अलग होय तो नार।<br>सोने का सा रंग है, कोइ चतुरा करे विचार।। | IV. | आरी |

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए :

(1) A-IV, B-I, C-III, D-II
(2) A-III, B-IV, C-II, D-I
(3) A-IV, B-III, C-I, D-II
(4) A-II, B-III, C-IV, D-I

93. 'कामायनी' के 'लज्जा' सर्ग की पंक्तियाँ हैं :

A. प्राणी, कटुता को बाँट रहा जगती को करता अधिक दीन
B. वन, गुहा, कुंज, मरु-अंचल में हूँ खोज रहा अपना विकास
C. मैं एक पकड़ हूँ जो कहती ठहरो कुछ सोच-विचार करो।
D. इस निविड़ निशा में संसृति की आलोकमयी रेखा क्या है?
E. नारी! तुम केवल श्रद्धा हो विश्वास-रजत-नग पगतल में,

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए :

(1) केवल A, B और C
(2) केवल B, C और D
(3) केवल C, D और E
(4) केवल A, C और D

94. अरस्तू के विरेचन सिद्धांत की तुलना किस भारतीय काव्यशास्त्री के सिद्धांत से की जाती है?

(1) क्षेमेंद्र
(2) अभिनव गुप्त
(3) महिमभट्ट
(4) विश्वनाथ

95. "हिया जरत रहत दिन-रैन।
आम की डरिया कोयल बोले
तनिक न आवत चैन।"

यह गीत 'गोदान' में कौन सा पात्र गाता है?

(1) होरी
(2) धनिया
(3) भोला
(4) पटेश्वरी



CamScanner
Scanned with CamScanner

100. महात्मा गांधी द्वारा व्यक्त किए गए विचार हैं :

A. "भारत भूख से मर रहा है, क्योंकि उसे उस रोज़ी-रोज़गार से वंचित कर दिया गया है जो उसे रोटी दे सकता

B. "अस्पृश्यता जाति प्रथा की उपज नहीं, बल्कि ऊँच नीच की उस भावना की उपज है जो हिंदू धर्म में घुस गई है और भीतर से खोखला कर रही है।"

C. "यदि कोई ऐसा सत्य है, जो मानवता से पूर्ण असंबद्ध है, तो हमारे लिए वह पूर्णतः अस्तित्व हीन है।"

D. "मेरा धर्म मनुष्य का धर्म है, जिसमें परम अथवा अपरिमित की व्याख्या मानवता के अर्थों में की जाती है।"

E. "वे लोग जो यह कहते हैं कि धर्म का राजनीति से कोई संबंध नहीं है, वह नहीं जानते कि धर्म का मतलब क्या

नीचे दिए गए विकल्पों में से **सबसे उपयुक्त** उत्तर का चयन कीजिए :

(1) केवल A, B, E (2) केवल A, C, E (3) केवल B, D, E (4) केवल C, D, E

101. सूची-I के साथ **सूची-II** का मिलान कीजिए :

| **सूची-I** ( **संवाद** ) | | **सूची-II** ( **पात्र / चरित्र** ) | |
|---|---|---|---|
| A. | भगवानों के हाथ में एक ही माप है। वे-विद्या, सौंदर्य, बल, पवित्रता, और तो क्या-हृदय को भी उसी से मापते हैं। वह माप है उनका-ऐश्वर्य। | I. | धातुसेन |
| B. | जिस राष्ट्र और समाज से हमारी सुख-शांति में बाधा पड़ती हो - उसका हमें तिरस्कार करना ही होगा। | II. | देवसेना |
| C. | भारत समग्र विश्व का है, और संपूर्ण वसुंधरा इसके प्रेम-पाश में आबद्ध है। | III. | विजया |
| D. | प्रणय वंचिता स्त्रियाँ अपनी राह के रोड़े-विघ्नों को दूर करने के लिए वज्र से भी दृढ़ होती हैं। | IV. | प्रमण |

नीचे दिए गए विकल्पों में से **सही** उत्तर का चयन कीजिए :

(1) A-II, B-IV, C-I, D-III
(2) A-III, B-IV, C-I, D-II
(3) A-II, B-I, C-IV, D-III
(4) A-IV, B-III, C-II, D-I

102. निम्नलिखित उपन्यासों को, उनके प्रथम प्रकाशन वर्ष के अनुसार, पहले से बाद के क्रम में लगाइए।

A. चित्रलेखा
B. राम रहीम
C. विराटा की पद्मिनी
D. विस्मृति के गर्भ में
E. अलका

नीचे दिए गए विकल्पों में से **सही** उत्तर का चयन कीजिए :

(1) D, E, A, C, B (2) B, C, D, A, E (3) E, C, B, A, D (4) A, B, D, C, E



CS CamScanner
Scanned with CamScanner

03. सूची-I के साथ सूची-II का मिलान कीजिए :

| सूची-I ( कहानीकार ) | | सूची-II ( कहानी ) |
|---|---|---|
| A. | राजेंद्र यादव | I. एक पथिक का स्वप्न |
| B. | अज्ञेय | II. चित्र लिखे पत्थर |
| C. | जयशंकर प्रसाद | III. जिज्ञासा |
| D. | माधवराव सप्रे | IV. अपने पार |

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए :

(1) A-I, B-III, C-IV, D-II
(2) A-IV, B-III, C-II, D-I
(3) A-II, B-IV, C-III, D-I
(4) A-III, B-II, C-I, D-IV

04. सूची-I के साथ सूची-II का मिलान कीजिए :

| सूची-I ( लेखक ) | | सूची-II ( एकांकी ) |
|---|---|---|
| A. | भारत भूषण अग्रवाल | I. लहर लौट गयी |
| B. | कमलेश्वर | II. मैं तुम्हें क्षमा नहीं करूँगा |
| C. | विष्णु प्रभाकर | III. आदिम युग |
| D. | उदयशंकर भट्ट | IV. [illegible] |

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए :

(1) A-III, B-I, C-II, D-IV
(2) A-I, B-II, C-III, D-IV
(3) A-II, B-III, C-I, D-IV
(4) A-IV, B-I, C-II, D-III

05. करीमुद्दीन किस कहानी का पात्र है :

(1) दुनिया का अनमोल रतन
(2) गैंग्रीन
(3) परिंदे
(4) सिक्का बदल गया

06. भारतीय काव्यशास्त्र से संबंधित निम्नलिखित ग्रंथों को, उनके प्रथम प्रकाशन के अनुसार, पहले से बाद के क्रम में लगाइ

A. रसगंगाधर
B. काव्य प्रकाश
C. काव्यालंकार
D. ध्वन्यालोक लोचन
E. साहित्य दर्पण

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए :

(1) A, D, B, E, C
(2) C, B, D, E, A
(3) C, D, B, E, A
(4) B, D, E, A, C

नवीनचंद्र राय ने किस पत्रिका का प्रकाशन आरंभ किया था ?

(1) हिंदी दीप्ति प्रकाश
(2) ज्ञान प्रकाशिनी पत्रिका
(3) आर्य दर्पण
(4) देश हितैषी



CamScanner
Scanned with CamScanner

96. निम्नलिखित चरित्रों को, तत्संबंधी नाटकों के प्रथम प्रकाशन के अनुसार, पहले से बाद के क्रम में लगाइए।

A. अलका  B. अशोक
C. अनुनासिक  D. लोचन बाबू
E. नारायणदास

नीचे दिए गए विकल्पों में से **सही** उत्तर का चयन कीजिए :

(1) B, D, A, E, C  (2) C, B, E, A, D  (3) D, A, E, C, B  (4) E, A, C, B, D

97. **सूची-I** के साथ **सूची-II** का मिलान कीजिए :

| **सूची-I** **( कविता-पंक्तियाँ )** | | **सूची-II** **( कविता )** | |
|---|---|---|---|
| A. | उस मुहावरे को समझ गया हूँ जो आज़ादी और गांधी के नाम पर चल रहा है | I. | नक्सलबाड़ी |
| B. | मुझे अपनी कविताओं के लिए दूसरे प्रजातन्त्र की तलाश है | II. | रोटी और संसद |
| C. | मेरे देश की संसद मौन है | III. | मोचीराम |
| D. | मेरे लिए, हर आदमी एक जोड़ी जूता है | IV. | अकाल-दर्शन |

नीचे दिए गए विकल्पों में से **सही** उत्तर का चयन कीजिए :

(1) A-II, B-I, C-IV, D-III  (2) A-IV, B-I, C-II, D-III
(3) A-I, B-IV, C-II, D-III  (4) A-III, B-IV, C-II, D-I

98. महावीर प्रसाद द्विवेदी की निम्नलिखित रचनाओं को प्रथम प्रकाशन वर्ष के अनुसार पहले से बाद के क्रम में लगाइए

A. कविता कलाप  B. कुमार संभवसार
C. लेखांजलि  D. रसज्ञ रंजन
E. कालिदास की निरंकुशता

नीचे दिए गए विकल्पों में से **सही** उत्तर का चयन कीजिए :

(1) C, D, B, A, E  (2) B, A, E, D, C  (3) E, B, C, A, D  (4) A, B, C, D, E

99. **सूची-I** के साथ **सूची-II** का मिलान कीजिए :

| **सूची-I** **( पाश्चात्य काव्यशास्त्र संबंधी कृति )** | | **सूची-II** **( पाश्चात्य काव्यशास्त्री )** | |
|---|---|---|---|
| A. | लिटरेरिया बायोग्राफिया | I. | वर्ड्सवर्थ |
| B. | द रहेटोरिक्स | II. | आई ए रिचर्ड्स |
| C. | द लिरिकल बैलेड्स | III. | कॉलरिज |
| D. | प्रैक्टिकल क्रिटिसिज्म | IV. | अरस्तू |

नीचे दिए गए विकल्पों में से **सही** उत्तर का चयन कीजिए :

(1) A-IV, B-II, C-III, D-I  (2) A-IV, B-III, C-I, D-II
(3) A-II, B-IV, C-I, D-III  (4) A-III, B-IV, C-I, D-II



CamScanner
Scanned with CamScanner

114. 'संस्कृति के चार अध्याय' के विभिन्न प्रकरणों के शीर्षकों को पहले से बाद के क्रम में लगाइए।

A. भक्ति-आन्दोलन और इस्लाम
B. भारतीय राष्ट्रीयता और मुसलमान
C. प्राचीन भारत और बाह्य विश्व
D. उर्दू का जन्म
E. शिक्षा में क्रांति

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए :

(1) C, A, D, E, B (2) D, A, B, E, C (3) C, E, B, D, A (4) E, A, D, C, B

115. निम्नलिखित में से कौन-सा स्थान बाँगरू बोली का क्षेत्र माना जाता है ?

(1) हिसार (2) इटावा (3) जालौन (4) अलीगढ़

116. "अपनपौ आप ही बिसरो।

जैसे सोनहा काँच मंदिर में भरमत भूँकि मरो।"

- कबीर की उपर्युक्त पंक्तियों में 'सोनहा' शब्द का उचित अर्थ है :

(1) सोनार (2) स्थान का नाम (3) कुत्ता (4) साँड

117. आचार्य रामचंद्र शुक्ल द्वारा लिखित और संपादित रचनाओं को, प्रथम प्रकाशन वर्ष के अनुसार, पहले से बाद के क्रम लगाइए।

A. रस मीमांसा
B. गोस्वामी तुलसीदास
C. जायसी ग्रंथावली
D. भ्रमरगीत सार
E. हिंदी साहित्य का इतिहास

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए :

(1) A, C, D, E, B (2) B, C, D, A, E (3) E, B, C, D, A (4) B, C, D, E, A

118. इनमें से किस जैन आचार्य को 'कलिकालसर्वज्ञ' नाम से भी जाना जाता है ?

(1) प्रभाचंद्र (2) हेमचंद्र (3) विद्यानंद (4) हरिभद्र

119. 'असाध्यवीणा' कविता में वर्णित प्रियंवद के नीरव एकालाप में आए संबोधनों को, पहले से बाद के क्रम में लगाइए।

A. ओ दीर्घकाय!
B. ओ स्वर-संभार!
C. ओ शरण्य!
D. ओ विशाल तरु!
E. ओ रस-प्लावन!

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए :

(1) C, B, E, A, D (2) B, E, C, A, D (3) E, C, A, D, C (4) D, A, B, E, C



CamScanner
Scanned with CamScanner

120. 'बकरी' नाटक के इन गीतों को, नाटक में आने के क्रम से, पहले से बाद के क्रम में लगाइए।

A. घूमत गीत - जा तेरी मेरी ना पटती
कैसी चलाई पटनी।

B. पूजा गीत - तन मन धन उन्नायक जय है
जय जय बकरी माता।

C. वंदना - हे संकट मोचु
यश दे हमें मोचु

D. समूह गान - बकरी मैया तोरे चरनन अरज करें
गाँधी बाबा तोरे चरनन अरज करें

E. झंडा गीत - झंडा ऊँचा रहे हमारा
सबसे प्यारा सबसे न्यारा

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए :

(1) C, B, A, E, D (2) C, A, E, B, D (3) B, C, D, E, A (4) D, A, E, B, C

121. 'काव्य में रहस्यवाद' निबंध के लेखक कौन हैं?

(1) महावीर प्रसाद द्विवेदी
(2) आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी
(3) नलिन विलोचन शर्मा
(4) आचार्य रामचंद्र शुक्ल

122. छायावाद के संबंध में इनमें से कौन-से कथन आचार्य रामचंद्र शुक्ल के हैं?

A. 'छायावाद की शाखा के भीतर धीरे-धीरे काव्य शैली का बहुत अच्छा विकास हुआ, इसमें संदेह नहीं।'
B. 'छायावाद के लिए 'मिस्टिसिज्म' शब्द के आते ही 'रहस्यवाद' शब्द की बुनियाद पड़ गयी।'
C. 'छायावाद जहाँ तक आध्यात्मिक प्रेम लेकर चला वहाँ तक तो रहस्यवाद के ही अंतर्गत रहा।'
D. 'छायावाद व्यक्तिवाद की कविता है, जिसका आरंभ व्यक्ति के महत्व को स्वीकार करने और करवाने से हुआ
E. 'छायावाद के पहले नये मार्मिक विषयों की ओर हिंदी कविता प्रवृत्त होती आ रही थी।'

नीचे दिए गए विकल्पों में से **सबसे उपयुक्त** उत्तर का चयन कीजिए :

(1) केवल A, C, E (2) केवल A, B, D (3) केवल B, D, E (4) केवल A, B, C

123. अमृतसर में अनजान लड़की से 'क्या तेरी कुड़माई हो गई'? यह सवाल पूछते वक्त लहना सिंह की आयु थी :

(1) आठ वर्ष (2) दस वर्ष (3) बारह वर्ष (4) नौ वर्ष



CS CamScanner
Scanned with CamScanner

124. सूची-I के साथ सूची-II का मिलान कीजिए :

| सूची-I<br>( संवाद / गीत की पंक्तियाँ ) | | सूची-II<br>( वक्ता / पात्र ) | |
|---|---|---|---|
| A. | चना हाकिम सब जो खाते।<br>सब पर दूना टिकस लगाते।। | I. | गोबरधनदास |
| B. | कोकिल बायस एक सम, पंडित मूरख एक।<br>इन्द्रायन दाड़िम विषय, जहाँ न नेकु विवेक।। | II. | घासीराम |
| C. | प्रगट सभ्य अंतर छलधारी।<br>सोई राजसभा बल भारी।। | III. | मछली वाली |
| D. | लाख टका कै वाला जोबन,<br>गाहक सब ललचाय | IV. | महंत |

नीचे दिए गए विकल्पों में से **सही** उत्तर का चयन कीजिए :

(1) A-IV, B-I, C-II, D-III
(2) A-II, B-IV, C-I, D-III
(3) A-III, B-IV, C-II, D-I
(4) A-III, B-IV, C-I, D-II

125. 'इतिहास तिमिरनाशक' पुस्तक के लेखक कौन हैं ?

(1) बालकृष्ण भट्ट
(2) बदरी नारायण चौधरी 'प्रेमधन'
(3) राजा शिव प्रसाद
(4) मिश्र बंधु

126. 'हरिऔध' जी द्वारा लिखित 'भूमिका' के अनुसार हरिऔध जी 'प्रियप्रवास' का नाम पहले क्या रखना चाहते थे ?

(1) गोपी वियोग (2) गोकुल क्लेश (3) राधा-कृष्ण लीला (4) ब्रजांगना-विलाप

ी-I के साथ सूची-II का मिलान कीजिए :

| सूची-I<br>( चरित्र ) | | सूची-II<br>( भाई / बहन ) | |
|---|---|---|---|
| A. | कनक | I. | ऊषा |
| B. | तारा | II. | दम्मो |
| C. | उर्मिला | III. | कंचन |
| D. | रतन | IV. | प्रवीण |

नीचे दिए गए विकल्पों में से **सही** उत्तर का चयन कीजिए :

(1) A-III, B-I, C-IV, D-II
(2) A-II, B-IV, C-I, D-III
(3) A-IV, B-III, C-I, D-II
(4) A-III, B-IV, C-I, D-II



CamScanner
Scanned with CamScanner

108. 'आधे अधूरे' नाटक में 'वर्णा' नामक युवती का उल्लेख कौन करता है ?

(1) महेन्द्रनाथ (2) सावित्री (3) बिन्नी (4) किन्नी

109. 'भारत भारती' के 'वर्तमान खण्ड' के उपखण्डों के शीर्षक हैं :

A. भारतवर्ष की श्रेष्ठता
B. कृषि और कृषक
C. ईसों के सपूत
D. शुभकामना
E. धर्म की दशा

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए :

(1) केवल A, B और C
(2) केवल B, C और D
(3) केवल B, C और E
(4) केवल A, C और E

110. निम्नांकित चरित्रों को, तत्संबंधी उपन्यासों के प्रथम प्रकाशन वर्ष के अनुसार, पहले से बाद के क्रम में लगाइए।

A. सोमराज साहनी B. काशीशाह C. रूपन बाबू D. प्यारू E.

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए :

(1) C, E, A, D, B (2) D, A, C, E, B (3) B, E, A, D, C (4) E, C, A, D, B

111. ''ओ महान मार्क्स के दर्शन की दर्शिका
सुदर्शने, प्रियदर्शिनी,
तुम स्वयं द्वन्द्वयुक्त भौतिकवाद की
सिनथिसिस हो।''

- 'मैला आँचल' उपन्यास का यह कवितांश किसने किसके बारे में लिखा ? चरित्रों के सही युग्म का चयन कीजिए

(1) सैनिक जी - मंगला देवी
(2) वासुदेव जी - ममता
(3) चिनगारी जी - लछमी
(4) चलित्तर कर्मकार - कमली

112. 'फिर विकल हैं प्राण मेरे!' - यह गीत महादेवी वर्मा की किस पुस्तक में पहली बार संकलित हुआ ?

(1) नीहार (2) रश्मि (3) नीरजा (4) सान्ध्य गीत

113. प्रयोगवाद के संबंध में इनमें से कौन-से कथन नामवर सिंह के हैं ?

A. प्रयोगशीलता 'व्यक्तिगत अन्वेषण' की वस्तु है।
B. प्रयोगवादी कवि यथार्थवादी हैं। वे भावुकता के स्थान पर ठोस बौद्धिकता को स्वीकार करते हैं।
C. कुल मिलाकर यह चरम व्यक्तिवाद ही प्रयोगवाद का केंद्र बिंदु है।
D. आरंभिक व्यक्तिवादी प्रयोगवाद ने 'प्रतिरोध और युयुत्सुभाव का नारा दिया'।
E. 'प्रयोगवाद' नाम भ्रामक है, क्योंकि इस नाम से यह भाव टपकता है कि इन कवियों ने प्रयोग को साध्य मान कर चला दिया।

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए :

(1) केवल E, C, A (2) केवल A, C, D (3) केवल A, C, B (4) केवल B, C, A



CamScanner
Scanned with CamScanner

128. रामविलास शर्मा की निम्नलिखित रचनाओं को, प्रथम प्रकाशन वर्ष के अनुसार, पहले से बाद के क्रम में लगाइए।

A. भारतेंदु हरिश्चंद्र

B. भारतेंदु युग और हिंदी भाषा की विकास परम्परा

C. भाषा और समाज

D. महावीर प्रसाद द्विवेदी और हिंदी नवजागरण

E. निराला की साहित्य साधना-भाग दो

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए :

(1) E, C, B, D, A (2) A, B, C, D, E (3) B, A, C, E, D (4) B, D, A, C, E

129. 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के पूर्व हुए विद्रोहों को, पहले से बाद के क्रम में लगाइए।

A. संथाल विद्रोह

B. संन्यासी विद्रोह

C. रामसी विद्रोह

D. सावंतवाड़ी विद्रोह

E. केरल में किसान विद्रोह

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए :

(1) C, D, E, B, A (2) B, C, D, E, A (3) C, B, D, A, E (4) B, C, D, A, E

130. 'हस्तलिखित' पद में कौन सा समास है ?

(1) कर्म-तत्पुरुष (2) करण-तत्पुरुष (3) संप्रदान-तत्पुरुष (4) अपादान तत्पुरुष

131. निम्न में से किन आलोचना पुस्तकों के लेखक मुक्तिबोध हैं :

A. नयी कविता का आत्म संघर्ष तथा अन्य निबंध

B. लघुमानव के बहाने हिंदी कविता पर एक बहस

C. इतिहास और परंपरा

D. नये साहित्य का सौंदर्यशास्त्र

E. कामायनी एक पुनर्विचार

नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए :

(1) केवल E, C, A (2) केवल B, C, E (3) केवल A, D, E (4) केवल E, B, C

132. पहले राजभाषा आयोग का गठन कब हुआ ?

(1) सन् 1952 (2) सन् 1955 (3) सन् 1960 (4) सन् 1963

133. महात्मा जोतीराव फूले ने लड़कियों की शिक्षा के लिए पहला स्कूल कब खोला ?

(1) 1827 (2) 1848 (3) 1873 (4) 1890



CS CamScanner
Scanned with CamScanner

134. 'भूल गलती' कविता में कैदी के रूप में दरबार में लाए गए व्यक्ति के बारे में आयी इन पंक्तियों को, पहले से बाद के क्रम में लगाइए।

A. समूचे जिस्म पर लत्तर

B. नामंजूर/उसको जिंदगी की शर्म की-सी शर्त

C. पहने हथकड़ी वह एक ऊँचा कद

D. बेख़ौफ़ नीली बिजलियों को फेंकता

E. वह क़ैद कर लाया गया ईमान

नीचे दिए गए विकल्पों में से **सही** उत्तर का चयन कीजिए :

(1) C, A, E, D, B (2) B, D, C, E, A (3) D, B, A, E, C (4) B, A, D, E, C

135. "जब तक भाषा बोलचाल में थी तब तक वह भाषा या देशभाषा ही कहलाती रही, जब वह भी साहित्य की भाषा हो गई तब उसके लिए 'अपभ्रंश' शब्द का व्यवहार होने लगा।" यह कथन किसका है?

(1) शिव प्रसाद सिंह (2) नामवर सिंह (3) रामचंद्र शुक्ल (4) हजारी प्रसाद द्विवेदी

136. किस काव्यशास्त्री ने काव्यास्वादन की अंतिम स्थिति को भोजकत्व कहा है?

(1) अभिनव गुप्त (2) भट्ट लोल्लट (3) भट्टनायक (4) शंकुक

137. 'राजनीति साहित्य नहीं है। उसमें एक-एक क्षण का महत्व है। कभी एक क्षण के लिए भी चूक जायें, तो बहुत बड़ा अनिष्ट हो सकता है।'

– यह संवाद किस नाटक और किस चरित्र का है?

नाटक और चरित्र के **सही** युग्म का चयन कीजिए।

(1) आषाढ़ का एक दिन – प्रियंगु

(2) चन्द्रगुप्त – राक्षस

(3) स्कंदगुप्त – बंधुवर्म्मा

(4) महाभोज – दा साहब

138. इनमें से कौन 13 वीं शती में प्रमुख काव्यशास्त्री के रूप में प्रसिद्ध हुए हैं?

(1) जगन्नाथ (2) कुंतक (3) मम्मट (4) जयदेव

139. 'अकाल और उसके बाद' कविता में आए जीवों/वस्तुओं को, कविता में आने के अनुसार, पहले से बाद के क्रम में लगाइ

A. कुतिया

B. कौए

C. चूहा

D. चक्की

E. छिपकली

नीचे दिए गए विकल्पों में से **सही** उत्तर का चयन कीजिए :

(1) E, B, A, D, C (2) D, A, E, C, B (3) C, B, D, E, A (4) B, A, E, C, D

0. बंगाल क्लब की साहित्य गोष्ठी के लिए शरत् चंद्र चट्टोपाध्याय ने कौन-सी रचना लिखी थी?

(1) पण्डित जी (2) नारी का इतिहास (3) काशीनाथ (4) परिणीता



CamScanner
Scanned with CamScan

**निम्नलिखित अवतरण को ध्यानपूर्वक पढ़िए और संबंधित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : (141 से 145)**

भारत बहुजातीय देश है। यहाँ किसी जाति की अपनी विशेषताओं के साथ सामान्य राष्ट्रीय विशेषताओं पर ध्यान देना उचित है। किन्तु राष्ट्रीय एकता का अर्थ जातीय विशेषताओं का लोप नहीं होता।

हिन्दी जाति की संस्कृति भारतीय संस्कृति का ही एक अंग है और उसके संदर्भ में ही उसका विकास और महत्व समझा जा सकता है। जब वेद मंत्र रचे गये, तब उस युग के आस पास सिन्धु घाटी की महान् सभ्यता विकसित हुई थी। संस्कृत के विशाल वाङ्मय के एक छोर पर तक्षशिला में पाणिनि हैं और दूसरे छोर पर केरल में शंकराचार्य हैं। आधुनिक भाषाओं में लगभग चौथी ईस्वी शताब्दी से अब तक तमिल साहित्य की अटूट गौरवशाली परंपरा है। जातीय चेतना का प्रसार महाराष्ट्र में सन्तों के द्वारा हुआ और समर्थ गुरु रामदास ने समस्त मराठी भाषियों से एक झंडे के नीचे संगठित होने को कहा। जन-साधारण को अपना आधार बनाकर शिवाजी ने भारतीय युद्ध कौशल में क्रान्तिकारी परिवर्तन किया और उन्होंने संसार में सबसे पहले छापेमार लड़ाई का विकास किया। महाराष्ट्र में उन्होंने मराठीभाषी जाति की जातीय राज्यसत्ता स्थापित की। रामकृष्ण परमहंस, स्वामी विवेकानंद और रवीन्द्रनाथ ठाकुर के बंगाल ने भारतीय नवजागरण में महत्वपूर्ण भूमिका निबाही।

किसी भी बहुजातीय देश के सामाजिक सांस्कृतिक इतिहास में सभी जातियों का योगदान एक सा नहीं होता यद्यपि वे एक दूसरे को प्रभावित करती रहती हैं। 1857 के स्वाधीनता संग्राम का केन्द्र हिन्दी प्रदेश था, इससे यह सिद्ध नहीं होता कि उसका राष्ट्रीय महत्व नहीं था या दूसरे प्रदेशों में उसके प्रति सहानुभूति नहीं थी या वहां साम्राज्य विरोधी संघर्ष न हुए थे।

सन् सतावन की राज्यक्रान्ति में पंजाब, सीमान्त प्रदेश, राजस्थान, महाराष्ट्र, कर्णाटक, हैदराबाद और विशाल हिन्दी भाषी प्रदेश की जनता ने भाग लिया। इन प्रदेशों में क्रान्ति का विकास एक सा नहीं था, न हो सकता था।

जातियों के विचार से स्वाधीनता संग्राम में हिन्दुस्तानियों की भूमिका प्रमुख थी। हिन्दी प्रदेश में नवजागरण 1857 के स्वाधीनता संग्राम से शुरू होता है।

**141.** उपर्युक्त अनुच्छेद के अनुसार किसने महाराष्ट्र में मराठीभाषी जाति की जातीय राज्यसत्ता स्थापित की ?

(1) शिवाजी (2) गुरू रामदास (3) नामदेव (4) ज्योतिबा फुले

**142.** उपर्युक्त अनुच्छेद के अनुसार, 1857 के स्वाधीनता संग्राम का केन्द्र था :

(1) बंगाल (2) हैदराबाद (3) कर्णाटक (4) हिन्दी प्रदेश

**143.** उपर्युक्त अनुच्छेद के अनुसार हिन्दी प्रदेश में नवजागरण की शुरूआत होती है :

(1) वेद मंत्रों की रचना से
(2) 1857 के स्वाधीनता संग्राम से
(3) शंकराचार्य के दर्शन से
(4) शिवाजी द्वारा राज्यसत्ता स्थापित करने से

**144.** उपर्युक्त अनुच्छेद के अनुसार पाणिनि का संबंध है :

(1) नालंदा से (2) तक्षशिला से (3) पाटिलीपुत्र से (4) काशी से

**145.** उपर्युक्त अनुच्छेद के अनुसार भारत कैसा देश है ?

(1) एकजातीय (2) द्विजातीय (3) त्रिजातीय (4) बहुजातीय



CamScanner
Scanned with CamScanner

**निम्नलिखित अवतरण को ध्यानपूर्वक पढ़िए और संबंधित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : (146 से 150)**

भारत में सामन्तवाद के मूल लक्षण अन्य देशों में सामन्तवाद के मूल लक्षणों से बहुत भिन्न नहीं थे। भूमि, जो कृषि-उत्पादन का बुनियादी साधन है, सामन्ती प्रभु की सम्पत्ति होती थी। उत्पादन के साधनों के मालिक लोग किसानों के समुदाय द्वारा पैदा किये गये अतिरिक्त माल को अपने इस्तेमाल के लिए हड़प लेते थे।

भारत एक विशाल देश है। इसलिए यह आश्चर्य की बात नहीं है कि यहाँ अलग-अलग क्षेत्रों में सामन्ती सम्बन्धों के रूप अलग-अलग थे। इतने पर भी कुछ ऐसे समान लक्षण थे जो भारतीय सामन्तवाद की अपनी विशिष्टता थे--युगों पुराने ग्राम समुदाय, कृषि और दस्तकारी का एक-दूसरे से घुला-मिला होना, बिरादरी के कबीली सम्बन्धों का जारी रहना, जाति प्रथा और अस्पृश्यता का विकास, और इस सबके साथ-साथ दास प्रथा के अवशेषों और यहां तक कि आदिम साम्यवाद के अवशेषों का भी जारी रहना। इस देश में सामन्तवाद का धीरे-धीरे ही विकास हुआ और उसका आगमन भयंकर सामाजिक उथल-पुथल और वर्ग संघर्षों से सम्बंधित नहीं रहा। भारतीय सामन्तवाद की एक दूसरी विशिष्टता थी: भूमि का सामूहिक स्वामित्व। यह सामूहिक स्वामित्व प्राचीन काल से ही चाल आ रहा था और यह सामन्तवाद के साथ भी जारी रहा, यद्यपि औपचारिक रूप में ही। किन्तु समान स्वामित्व के साथ-साथ निजी स्वामित्व भी जारी था।

भारतीय सामन्तवाद का एक दूसरा लक्षण यह था कि भूमि कभी-कभी मंदिरों को दान कर दी जाती थी। इन मंदिरों की देख-भाल प्राय: ब्राह्मण पुजारी करते थे। कभी-कभी ब्राह्मणों को सीधे-सीधे जमीन दान कर दी जाती थी। इस प्रकार के एक दान का उल्लेख रा.श. शर्मा ने अपनी पुस्तक में किया है। इस राजा का नाम प्रवरसेन द्वितीय था। एक हजार ब्राह्मणों को एक ग्राम दान में देते हुए दान-पत्र में कहा गया था कि ये ब्राह्मण इस शर्त पर ही गाँव को अपने कब्जे में रख सकते हैं कि "वे राज्य के विरुद्ध राजद्रोह न करें, ब्राह्मणों की हत्या न करें, चोरी और व्यभिचार न करें, राजाओं को विष देकर उनकी हत्याएं न रचाएं, युद्ध न छेड़ें और दूसरे गांवों को त्रस्त न करें।" चीनी यात्री फाहियान (ईसवी सन् चौथी शताब्दी) ने बताया है कि उन दिनों मठों को खेत, बागीचे और चौपाये दान में दिये जाते थे।

**146.** उपर्युक्त अनुच्छेद के अनुसार रा.श. शर्मा ने ब्राह्मणों को सीधे-सीधे जमीन देने वाले किस राजा का उल्लेख किया है?

(1) प्रवरसेन द्वितीय (2) हर्षवर्द्धन (3) मातृगुप्त (4) ब्रह्मगुप्त तृतीय

**147.** उपर्युक्त अनुच्छेद के अनुसार भारतीय सामंतवाद की विशेषता नहीं है :

(1) भूमि का सामूहिक स्वामित्व
(2) मंदिरों को भूमि-दान
(3) ब्राह्मणों को भूमि-दान
(4) भूमि पर किसान अथवा रैयत का संपूर्ण अधिकार

**148.** उपर्युक्त अनुच्छेद के अनुसार भारतीय सामंतवाद की विशिष्टता है :

(1) भूमि कर न दे पाने वाले किसानों को मृत्यु-दण्ड देना
(2) जाति प्रथा और अस्पृश्यता का विकास
(3) दास प्रथा के अवशेषों का पूर्ण समापन
(4) कृषि और दस्तकारी का पूर्ण पार्थक्य

**149.** उपर्युक्त अनुच्छेद में किस चीनी यात्री का उल्लेख है?

(1) ह्वेनसांग (2) दिंगनाग (3) नागार्जुन (4) फाहियान

**150.** उपर्युक्त अनुच्छेद के अनुसार भारतीय सामंतवाद के बारे में असत्य कथन है :

(1) भारत में सामंतवाद के मूल लक्षण अन्य देशों में सामन्तवाद के मूल लक्षणों से बहुत भिन्न थे।
(2) भारत में सामन्तवाद का विकास धीरे-धीरे हुआ।
(3) यहाँ अलग-अलग क्षेत्रों में सामन्ती सम्बन्धों के रूप अलग-अलग थे।
(4) भूमि सामन्ती प्रभु की सम्पत्ति होती थी।

-oOo-



CamScanner
Scanned with CamScanner